# खड़े ट्रेलर से टकराई रोडवेज बस, दुर्घटना में एक दर्जन यात्री घायल

- सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर की कतारें हादसे का कारण बनी
- गंभीर घायलों को उपचार हेतु अजमेर चिकित्सालय रैफर किया
- भीलवाड़ा से अजमेर जा रही थी रोडवेज बस

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। कस्बे के अजमेर रोड पर कुमावत पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर खड़े दर्जनों ट्रेलर्स मे से एक से प्रात: 8 बजे भीलवाड़ा से अजमेर जा रही एक रोडवेज टकरा गई। दुर्घटना में करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज से दुर्घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई जिनकी मदद से 108 तथा एनएचएआई की एंबुलेंस में घायलों को चिकित्सा हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। मौके पर स्थानीय पुलिस चौकी से पहुंचे पुलिस कर्मियों राजेश कुमार तथा महेश ने यातायात सुचारू करवाया।

यात्रियों मे से एक ने बताया कि बस बांदनवाड़ा स्टेंड से सवारियां लेकर कुमावत पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची ही थी कि बस सड़क पर खड़े एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस में सवार तकरीबन एक दर्जन यात्री घायल हो गए। ट्रेलर से टकराने की वजह से बस के आगे के दोनों शीशे टूट गए जिसके चलते सवार यात्री चोटिल हो गए। दुर्घटना स्थल पर थोड़ी ही देर में भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भीड़ को हटा कर यातायात सुचारू करवाया तथा उपस्थित लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उपस्थित



बांदनवाड़ा : अजमेर रोड पर हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

चिकित्साकर्मियों ने घायलों प्राथमिक उपचार किया तथा गंभीर घायलों को जेएलएन चिकित्सालय अजमेर रैफर किया गया। दुर्घटना में धनराज पुत्र धूकल देवनगर पुष्कर, अजय पुत्र गणपत निवासी करकेडी, मंजू शर्मा पुत्री राधेश्याम निवासी भीलवाड़ा, बाबूलाल पुत्र पन्ना निवासी भीलवाड़ा, विजयनगर, रामदेव पुत्र हीरा निवासी भिनाय, माया पत्नी हंसराज निवासी अजमेर, रोजमेरी पुत्री नितिन निवासी अजमेर राजेश पुत्र हस्तीमल निवासी भीलवाड़ा, दिलखुश पुत्र गोपाल, हबुदी देवी पत्नी मदनलाल निवासी भिनाय तथा राधेश्याम पुत्र मदनलाल निवासी भीलवाड़ा घायल हो गए जिनमे से गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रैफर कर दिया गया।

जानकारी पर मसूदा विधायक राकेश पारीक, भिनाय थानाधिकारी महावीर प्रसाद मीणा घायलों की हालात जानने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। दिन में चौबीसों घंटों सड़क पर कई ट्रेलर बेरोकटोक खड़े रहते है जिनकी वजह से यातायात प्रभावित होता है साथ ही एनएचएआई द्वारा टांटोटी सड़क तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने हेतु कोई अंडरपास नहीं दिए जाने के कारण कई वाहन रोंग साईड से आतेजाते रहते है। इसके चलते दुर्घटनाओं की संभावना सतत बनी रहती है।

# बदमाशों ने कार पर पत्थर मारने के बाद किए फायर




भुसावर : बदमाशों द्वारा पत्थर मारने से कार क्षतिग्रस्त हो गई।

- कार सवार मां बेटे बाल-बाल बच गए, गाड़ी क्षतिग्रस्त हुई

**भुसावर,** (निसं)। नेशनल हाईवे संख्या 21 जयपुर-भरतपुर पर स्थित थाना भुसावर के गांव बाछरेन पर अज्ञात बदमाशों ने एक कार को निशाना बनाया और पत्थर मारते हुए फायर किए। जिससे पीड़ित की गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार मां बेटे बाल-बाल बच गए। जिसकी तुरंत पीड़ित ने भुसावर थाना पुलिस को सूचना दी।

पीड़ित कस्बा भुसावर निवासी लवकेश सैनी पुत्र महेंद्र सिंह सैनी ने बताया कि वह अपनी मां के साथ स्वयं की कार में सवार होकर दौसा जिले के अंतर्गत आने वाले कस्बा महवा की तरफ जा रहा था। जहां रास्ते में नेशनल हाईवे 21 पर गांव बाछरेन पुल के पास कुछ बदमाशों ने जान से मारने की नियत से पीछे से पत्थर कार पर फेंके। जिससे कार का शीशा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया तथा इसके बाद उन्होंने तीन राउंड फायर भी किए जो गाड़ी के पास होकर निकल गए। आवाज सुनकर पहुंचे लोगों को देख अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी भुसावर थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। ज्ञात है कि भुसावर थाना क्षेत्र में लगातार फायरिंग की घटनाएं बढ रही हैं जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकामयाब दिख रही है।

# बैंक कर्मचारी ने फांसी लगाई

- मौके पर मिले सुसाइड नोट में बैंक अधिकारियों पर धमकाने का आरोप लगाया
- पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू की, शव परिजनों को सौंपा

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र के अजयनगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी एक बैंक कर्मचारी ने बीती रात फांसी का फंदा लगाकार जीवनलील समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। वहीं बैंक कर्मचारी के कमरे में मिले सुसाइड नोट में उसने अपनी ही बैंक के शाखा प्रबंधक और अधीन अन्य अधिकारियों पर धमकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामगंज थाने के एएसआई देवाराम ने बताया कि मृतक बैंक कर्मचारी अजय नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी हिमांशु निरंकारी पुत्र भगवानदास निरंकारी है। मृतक किशनगढ़ स्थित बैंक शाखा में कार्यरत था। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। वर्ष 2021 में 24 जून को स्पाइन रोग से बीमार ग्रसित होने के कारण समय-समय पर अपना मेडिकल भी इंडियन ओवरसीज बैंक किशनगढ़ शाखा और हेड ऑफिस को भिजवा रहा था लेकिन बीती देर रात बैंक कर्मचारी हिमांशु ने खुद को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में बैंक कर्मचारी ने लिखा है कि 2 दिन पहले बैंक के कुछ अधिकारी उसके पास आए थे और उसे धमकाया था कि यदि कल से तुम बैंक ड्यूटी पर नहीं आए तो तुम्हारी नौकरी चली जाएगी, लेकिन वह इस हालत में नहीं था कि बैठ भी सके और चिकित्सकों ने उन्हें संपूर्ण बैडरेस्ट करने की सलाह दे रखी थी। इसके चलते डिप्रेशन में आ गए और खुद को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एएसआई देवाराम ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचाया है और परिजन के बयान भी दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करावा शव परिजन को दे दिया।

एएसआई देवाराम ने बताया कि मृतक के सुसाइड नोट में मृतक हिमांशु निरंकारी ने लिखा कि मेरी मौत का जिम्मेदार चीफ रीजनल ऑफिसर है, जो मुझे नौकरी से निकालने की धमकी दे रहा था। मैं मेरे परिवार से माफी मांगता हूं। मैं आपको कभी अहसास नहीं दिला पाया कि कितना लायक हूं। मेरी अस्थियों को किसी वॉटरफॉल में विसर्जित किया जाए, जिससे मरने के बाद मुझे वो शांति मिले जो जीते हुए नहीं मिली सकी।

उन्होंने कहा कि मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट के अनुसार जांच की जाएगी और जांच सही पाए जाने पर आरोपी बैंक कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# प्लास्टिक की बाल्टी में गांजा ले जाते तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले की मंगरोप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान प्लास्टिक की बाल्टी में 7 किलो गांजा ले जाते तस्कर को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी सदर रामचंद्र चौधरी ने बताया कि मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगरोप थाना प्रभारी मोतीलाल ने गश्त के दौरान नेशनल हाइवे पर गुवारडी सरहद में स्थित देवनारायण मंदिर से पहले नाले के पास संदेह के आधार पर एक युवक को रोका तो वह जवाब नहीं दे पाया। पुलिस को उसके पास प्लास्टिक की बाल्टी मिली जिसमें 7 किलो गांजा मिला जिसे जब्त कर श्रीराम नगर मंडपिया स्टेशन भगवती लाल उर्फ भागूता पुत्र मांगीलाल प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और अग्रिम जांच हमीरगढ थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया को सौंपी गई है।

# बदमाशों ने बाप-बेटे पर जानलेवा हमला कर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया

- मारपीट में बेटे के दोनों हाथ फ्रेक्चर हो गए और पिता के सिर में गंभीर चोटें आई
- घटना के दो दिन बाद अब वारदात का सीसीटीवी वीडियो सामने आया

**कोलसिया,** (निसं)। झुंझुनूं के कोलसिया में एक बाप-बेटे पर बदमाशों ने ना केवल लाठियों-सरियों से हमला किया बल्कि गाड़ी चढाकर मारने का भी प्रयास किया। घटना के दो दिन बाद अब वारदात का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। जिसमें करीब 10 मिनट तक बदमाशों ने आधी रात को जमकर उत्पात मचाया और गाड़ी दौड़ाने के अलावा मारपीट तक की।

जानकारी के मुताबिक कोलसिया के परविंद्र ने गांव के बस स्टैंड से आगे मैन बाजार में चौधरी जनरल स्टोर एवं बुक डिपो के नाम से दुकान कर रखी है। 24 जून की रात परविंद्र व उसका 14 वर्षीय बेटा यश दुकान पर साफ-सफाई कर रहे थे। अचानक एक थार जीप आई। थार जीप में सवार युवकों ने ताबड़तोड़ दोनों पर हमला बोल दिया। इस बारे में पीड़ित के भाई अमरचंद दूत ने मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है। उसके भाई की परविन्द्र दूत व परविंद्र के बेटे पर कोलसिया का सुरेंद्र, पुरोहितों का बास का संजय संजू कुलहरि, धर्मेंद्र, कोलसिया का प्रवीण तथा 15-20 अन्य युवकों ने सरिए, लाठियों व धारदार हथियार लेकर दुकान में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी परविंद्र के साथ दुकान के पीछे मारपीट करते रहे। यश के परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों को इस बारे में सूचना दी। जिस पर लोग एकत्रित हो गए। आरोपी परविंद्र को मरा हुआ समझकर भाग निकले। आरोपियों ने परविंद्र के गले से सोने की चेन तोड़ ली व गल्ले से 17 हजार रुपए निकाल लिए। आरोपी परविंद्र व यश के साथ लाठी व सरियों से मारते हुए दुकान से बाहर ले गए। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नियत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया।

इस मारपीट में यश के दोनों हाथ फ्रेक्चर हो गए। परविंद्र के सिर में गंभीर चोटे आई है। यश जख्मी हालत में वहां से भाग कर पास में स्थित अपने घर पहुंचा आरोपियों ने यश को मारने के लिए गाड़ी दौड़ाई, लेकिन यश ने मकान का गेट बंद कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे घर के चारों तरफ गाड़ी दौड़ाई व पत्थर फेंके। इसके बाद घायलों को प्राइवेट गाड़ी से जिला अस्पताल ने जाया गया। जहां से सीकर रैफर कर दिया गया। देर रात्रि में दुबारा आरोपियों ने परविंद्र के घर के पास गाड़ी में सवार होकर आए और कहा कि हमे पांच लाख रूपए दे देना, वरना अबकी बार पूरे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित के भाई ने इस रिकार्डिंग का उल्लेख रिपोर्ट में भी किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों घायल बाप-बेटे का इलाज सीकर में चल रहा है।

## 20 लाख के जेवर व नकदी चोरी

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शेरगढ़ के ग्राम किशनपुरा में रविवार को मकान की छत पर परिवार सोता रहा और चोरों ने धावा बोलते हुए करीब 20 लाख रुपए के जेवरात सहित नगदी चुरा ले गए।

किशनपुरा निवासी प्रकाश पुत्र छगनलाल जाट ने मसूदा थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि रविवार देर रात पूरा परिवार छत के ऊपर सोया हुआ था देर रात विद्युत सप्लाई बंद होने पर चोरों ने मकान के ताले तोड़ते हुए मकान के अंदर घुसकर 13 किलो चांदी के आभूषण, तीन मंगलसूत्र, सोने के 3 रखड़ी, 2 जोड़ी मूरकिया, 2 जोड़ी अंगूठी, दो मादलिया, 2 जोड़ी लूंग, 2 जोड़ी झूमरिया, 2 नथ, पांच मादलिया, 2 जोड़ी टॉप्स सहित घर में रखे 157000 रुपए पर चोरों ने हाथ साफ किया। चोरी की वारदात की सुबह उठने पर दरवाजे के ताले टूटे देख परिवार जनों को जगाया।

# जिला अस्पताल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

- इमरजेंसी यूनिट के चिकित्साकर्मी की तत्परता से अग्निशमन सिलेंडर से आग पर काबू पाया गया

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। राजकीय जिला अस्पताल में रूम नंबर 6 के पास लगे पैनल बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिससे अस्पताल में भगदड़ मच गई। इमरजेंसी यूनिट के चिकित्साकर्मी की तत्परता से पैनल बोर्ड में लगी आग पर अग्निशमन सिलेंडर से काबू पाया गया।

सोमवार को दोपहर 2 बजे शॉर्ट सर्किट से राजकीय जिला अस्पताल में इमरजेंसी यूनिट के पास रूम नंबर 6 की दीवार पर लगे विद्युत पैनल बोर्ड में आग लग गई।

विद्युत स्पार्किंग से पटाखे के धमाके की आवाज और चिंगारी के साथ निकल रही धुएं की वजह से अस्पताल में उपचार कराने आई मरीजों में अफरा तफरी मच गई। चिनगारियां और धमाकों की आवाज सुनकर लोगों में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाकर अस्पताल से बाहर निकल गए। अचानक आग लगने से अस्पताल परिसर में चर्चा का विषय बन गया। पैनल बोर्ड में आग लगने की जानकारी मिलने से इमरजेंसी यूनिट के डॉ. दीपक मीणा, नर्सिंग ऑफिसर राजकुमार आदि चिकित्सा कर्मियों ने विद्युत लाइनमैन को बुलाकर आग पर काबू पाने से राहत की सांस ली, हालांकि घटना से कोई बड़ी जन हानि नहीं हुई।

## आग से मवेशी एवं लाखों का चारा जला

**बिजयनगर,** (निसं)। समीप गांव भगवानपुरा में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से बाड़े में लगी आग से लाखों रुपए का चारा एवं छोटे-बड़े 6 मवेशी जलकर राख हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी लादूराम जाट पुत्र प्रताप निवासी भगवानपुरा ने पुलिस थाने में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करवाई कि सोमवार दोपहर उसके बारे में अज्ञात कारणों से लगी आग से 450 क्विंटल चारा एवं दो बड़े मवेशी एवं चार छोटे मवेशी जल गए। बाड़े में लगी आग समीप बने उसके भाई रामधन जाट के बाडे आग के फेलने से चारा एवं छप्पर जलकर राख हो गए। पुलिस को इत्तला मिलने पर एएसआई घनश्याम मीणा मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे एवं अग्निशमन को ईत्तला देते हुए ग्रामीणों की सहायता से आग बुझाने के लिए प्रयास में जुटे रहे।

# अब तक कपड़ा मिला ना मिली राशि, यूनिफॉर्म की कब होगी सिलाई

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को मिलने वाली निःशुल्क यूनिफॉर्म अधरझूल में लटक रही है। राज्य सरकार ने 2021 में घोषणा तो कर दी लेकिन सरकारी स्कूलों तक अब तक ना तो कपड़ा पहुंचा ना ही सिलाई का बजट। ऐसे में जुलाई से शुरू हो नए सत्र में बच्चे बिना यूनिफॉर्म के स्कूल आयेंगे।

हालांकि इस दौरान सरकार ने यूनिफॉर्म का कलर जरूर बदला है। छह सौ रुपये में दो यूनिफॉर्म देनी है, जिसमें से 425 रुपए कपड़े के और 175 रुपए सिलाई के हैं। कपड़े की आपूर्ति को लेकर टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जिसके बाद विद्यालयों में कपड़ा आयेगा और सिलाई की राशि विद्यालय प्रबंधन समिति के एसएमसी के खातों में जमा होगी।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021 के बजट भाषण में पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को निशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। राज्य में 64 हजार 479 सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के 70,77,465 बच्चे जिसमें 34, 81,646 छात्र व 35, 95,819 छात्राओं को सिली हुई यूनिफॉर्म निशुल्क देने का निर्णय किया। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू की लेकिन छह सौ रुपये में दो यूनिफॉर्म देने से राशि कम होने पर विभिन्न फर्म ने मना कर दिया।

इसके बाद निर्णय किया गया कि फर्म दो ड्रेस का कपड़ा 425 रुपये में देगी। जबकि सिलाई की राशि 175 रुपये संबंधित स्कूल की एसएमसीके खाते में आयेंगे।

निशुल्क यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाने को लेकर सरकार ने सरकारी स्कूलों के सभी बैंक खातों की जानकारी जुटाई थी, लेकिन अभी तक न खातों में पैसा आया और न ही बच्चों को यूनिफॉर्म मिल सकी है।

अगले महीने से नया शैक्षिक सत्र शुरू होना है। अभी भी शिक्षा विभाग की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। राज्य सरकार की ओर से पिछले दिनों जारी निविदा में 600 रुपए में दो यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की शर्त रखी गई थी। ज्यादातर कारोबारियों ने इस शर्त की वजह से निविदा से दूरी बना ली थी। इसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात भी की लेकिन ज्यादातर कंपनियों का कहना था कि महंगाई के इस दौर में 600 रुपए में कपड़ा ही नहीं आता ऐसे में सिलाई कहां से कराएंगे।

## एटीएम तोड़ने का प्रयास किया, सायरन बजने पर बदमाश फरार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने एटीएम तोड़ने का असफल प्रयास किया। पुलिस स मिली के अनुसार पीड़ित सेक्टर 11 स्थित इण्डियन बैंक के ब्रांच ऑफिसर अंशुल पुत्र ओमप्रकाश किराड़ ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 26जून रात में दो बदमाश एटीएम में आए, जहां एटीएम केबिन में घुस कर वायर तोड़ दिए। इस दौरान सायरन बजने की जानकारी मिलने पर आरोपी फरार हो गये। सवेरे घटना की सूचना मिलने पर सविना थानाधिकारी रवीन्द्र चारण मय जाप्ता ने मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर बदमाशों की तलाश शुरू की।

# पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी मामले में सहयोगी गिरफ्तार

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में एक पेट्रोल पंप पर शनिवार रात चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देने के मामले में पुलिस को मुख्य दो आरोपितों सहित तीन अन्य की तलाश है। अब तक इन बदमाशों का सहयोगी पकड़ा गया है।

प्रताप नगर थाने के सब इंस्पेक्टर बलवीर खां ने बताया कि 25 जून को ट्रांसपोर्ट नगर में एक युवक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल डलवाने आया था। यह युवक बिना भुगतान किये वहां से बाइक लेकर भागा, जिसे दो कर्मचारियों ने पीछा कर सुखाड़िया स्टेडियम के पास रोका और पंप पर ले आये थे। जहां उक्त युवक ने फोन पे से 250 रुपये का भुगतान किया था। इसी बात को लेकर बाइक में पेट्रोल डलवाने वाला गोविंद सिंह नामक युवक रात 11 बजे अपने तीन साथियों के साथ दुबारा पंप पर पहुंचा। जहां ये लोग कर्मचारियों से गाली-गलौच करने लगे। ऐसे में पंप पर मौजूद कर्मचारी देवकिशन गुर्जर



पुलिस ने चाकूबाजी की वारदात मामले में एक को गिरफ्तार किया।

ने इन युवकों को गाली-गलौच नहीं करने व सुबह आकर बात करने के लिए कहा तो चार में से एक आरोपित ने देव किशन पर चाकू से हमला कर दिया था।देव किशन के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर टेंपो चालक कुलदीप सिंह निवासी वार्ड नं. 21, भवानी मंडी जिला झालावाड, हाल मारूति नगर को रविवार को बापर्दा गिरफ्तार किया था। जांच अधिकारी का कहना है कि कुलदीप, सहयोगी था। पंप से पेट्रोल गोविंद सिंह ने भरवाया था, जबकि चाकू मारने वाला भी उसका एक और साथी था।

## अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने तलवार व चाकू लेकर घूमते दो बदमाशों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी चेलसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रविवार को गोवर्धन सागर पाल पर अवैध छूरी हाथ में लेकर बाइक सवार बदमाश आने जाने वाले को धमका रहा था। इस पर पुलिस दल ने आरोपी छालीबोर छोटी उन्दरी नाई निवासी विदेश पुत्र काउराम को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से छूरी व चोरी की बाईक बरामद की। इसी अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस दल ने दक्षिण विस्तार ओम बन्ना के पास से छौटी उन्दरी फला छाली बोर निवासी भेरूलाल पुत्र कालू को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध तलवार व चोरी की बाईक बरामद की।

# अजमेर डिस्कॉम ने 17838 जगहों पर छापा मारा

- 5.85 करोड़ का जुर्माना लगाया, सबसे अधिक नागौर में 404 विद्युत चोरी के मामले पकड़े

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम ने बिजली चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष सतर्कता अभियान के तहत 17838 जगहों पर छापा मारा। इनमें 2416 जगहों पर बिजली चोरी तथा 652 जगहों पर बिजली के दुरूपयोग मामलें सामने आये। इन सभी पर कुल 5.85 करोड रूपये जुर्माना लगाया गया है।

अजमेर विद्युत वितरण निगम के प्रबन्ध निदेशक एनएस निर्वाण ने बताया कि निगम की ओएण्डएम व विजिलेंस शाखा के अलावा मीटर एंड प्रोटेक्शन शाखा, प्रोजेक्ट विंग तथा स्टोर विंग के अभियंताओं को भी सतर्कता जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि निगम के इंजीनियरों ने 11 जिलों में 17838 परिसरों की जांच की। जिसमें 2416 विद्युत चोरियां पकडी गई तथा 652 मामले विद्युत दुरुपयोग के सामने आये है। निगम ने इनके विरुद्ध 5.85 करोड रूपये का जुर्माना लगाया है।

निर्वाण ने बताया कि डिस्कॉम की टीम में सबसे अधिक नागौर जिले के अभियंताओं ने 404 विद्युत चोरी के मामले पकडे जिन पर 78.35 लाख रूपये जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त अजमेर शहर वृत में 32 मामलों पर 7.75 लाख, अजमेर जिलावृत में 47 मामलों पर 11.12 लाख, भीलवाड़ा में 374 मामलों पर 61.46 लाख, झुंझुनू में 318 मामलों पर 57.50 लाख, उदयपुर में 160 मामलों पर 18.70 लाख, राजसमंद में 64 मामलों पर 8.23 लाख, बांसवाड़ा में 159 मामलों पर 21.79 लाख, डुंगरपुर में 70 मामलों पर 6.98 लाख, चितौडगढ़ में 387 मामलों पर 86.39 लाख तथा प्रतापगढ़ में 29 मामलों पर 4.33 लाख रुपयों का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त निगम की एम. एण्ड पी विंग ने 113 मामलों पर 30.40 लाख, विजिलेंस विंग ने 190 मामलों पर 51.33 लाख, प्रोजेक्ट विंग ने 56 मामलों पर 10.25 लाख व स्टोर विंग ने 13 मामलों पर 1.77 लाख रुपयों की विद्युत चोरियां पकड कर जुर्माना लगाया। इसके अतिरिक्त डिस्कॉम ने 652 जगह विद्युत दुरुपयोग के मामले दर्ज किए। इसके तहत 1.15 करोड़ रुपयों का जुर्माना लगाया गया।

प्रबन्ध निदेशक निर्वाण ने बताया कि आने वाले समय में इस अभियान को और अधिक गति दी जाएगी। जिससे विद्युत छीजत में कमी की जाकर सरकार के लक्ष्यों को हासिल किया जा सके।

## अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस दिए

**नागौर,** (निसं)। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा ने सोमवार को मकराना ब्लॉक के ग्राम चावंडिया में आयोजित फाउंडेशन लर्निंग एंड न्यूमैरिकी शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 32 शिक्षकों के उपस्थिति पंजिका में हस्ताक्षर होने के उपरांत भी अनुपस्थित पाए गए। सीडीईओ शर्मा ने इन शिक्षकों द्वारा बरती गई लापरवाही व अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर शिविर प्रभारी तथा संबंधित सीबीईओ से जवाब तलब किया। शिविरों में कुल 180 शिक्षक पंजीकृत थे। उन्होंने समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जावेगी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को कहा कि वे प्रशिक्षण के दिन पूरे समय प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक शिविर में रहे तथा प्रशिक्षण प्राप्त करें।